जनसम्पर्क विभाग, केंद्रीय रेल विधुतीकरण संगठन
1, नवाब युसुफ रोड, प्रयागराज- 211001
Public Relation Department, Central Organisation For Railway Electrification,1, Nawab Yusuf Road, Civil Lines, Prayagraj-21100,Fax:0532-2407150 www.core.indianrailways.gov.in

संख्या : कोर/जी/पीआर/01/26 दिनांक 07.01.2026

मुख्य संपादक
प्रयागराज

प्रेस विज्ञप्ति

कोर में कर्षण प्रणाली के कार्य हेतु दर अनुसूची पुस्तिका का विमोचन

केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के महाप्रबन्धक एवं अपर सदस्य/रे.वि./ रेलवे बोर्ड श्री रामेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में दिनांक 06.01.2026 को रेलवे बोर्ड में 1x25 के.वी. ए.सी. प्रणाली के कार्य हेतु दर अनुसूची पुस्तिका का विमोचन किया गया। साथ ही वर्चुअल माध्यम से कोर मुख्यालय प्रयागराज में इसका अनावरण डॉ. संजय सिंह नेगी-मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/कोर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया ।

पूर्व में ओ.एच.ई एवं कर्षण उप-केंद्र से संबंधित दरें क्रमशः वर्ष 2006 एवं 1994 में जारी की गई थीं, जिनका अद्यतन किया जाना अत्यंत आवश्यक हो गया था। यह संशोधित दर अनुसूची (एस.ओ.आर.) 1×25 के.वी. ए.सी. कर्षण प्रणाली से संबंधित बड़े एवं छोटे सभी कार्यों को सम्मिलित करते हुए व्यापक रूप से तैयार की गई है, जिसमें नवीनतम तकनीकी, वित्तीय, लागत-संबंधी परिवर्तनों एवं नवीन कर प्रणाली को समावेशित किया गया है।

यह भारतीय रेलवे में रेल विद्युतीकरण और कर्षण वितरण विनिर्माण से संबंधित है। संपूर्ण संशोधन प्रक्रिया मात्र 135 दिनों की बहुत कम अवधि में पूरी की गई है। इसे बनाने हेतु पुरे भारतवर्ष के लगभग 450 से अधिक मान्य वेंडरों से बाज़ार सर्वेक्षण किया गया जो की एक कठिन कार्य था। एस ओ आर के अंतिम रूप से तैयार होने के बाद भी इसकी तकनीकी और वित्तीय अधिकारियों की दो टीमों द्वारा गहन तकनीकी और वित्तीय जांच कर औपचारिक रूप से जारी किया गया है।

इस संशोधन से भारतीय रेल की विद्युतीकरण परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया में बहुत तेजी आएगी और राजस्व में भारी बचत होगी। परियोजनाओं को समयबद्ध एवं त्वरित गति से पूर्ण करने में सहायता मिलेगी। इसकी सराहना रेलवे बोर्ड के उच्च अधिकारीयों द्वारा की गयी है।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक/गति शक्ति/रेलवे बोर्ड-श्री जीतेंद्र कुमार, सचिव/म.प्र./कोर- नरेन्द्र चौधरी, उप मु. वि.अभि.-श्री आलोक बिहारी अग्रवाल, उप वि.स. एवं मुलेधि-I- श्री कौशल कुमार श्रीवास्तव, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी-श्री सौरभ मिश्रा, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी-श्री बृजेश चौधरी एवं उप मु.अभि. श्री मुनि लाल, उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर-I श्री जगदीश प्रसाद, उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर-II श्री प्रदीप तिवारी, उप वि.स. एवं मुलेधि-II-श्री अजय कुमार लाल श्रीवास्तव तथा जन संपर्क अधिकारी श्री विमल कुमार उपस्थित रहे ।

(विमल कुमार)
जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज